Sample paper (2026-27)

CLASS : 12th (Sr.Secondary) Code No.523 **SET : A**

अनुक्रमांक

हिंदी ऐच्छिक (Hindi Elective)

ACADEMIC / OPEN BOARD

**समय : 3 घंटे** **अधिकतम अंक: 80**

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित 17 प्रश्न हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नं. को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।
- उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना / पन्ने न छोडें।
- उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।
- परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें। अनुक्रमांक के अतिरिक्त प्रश्न-पत्र पर कुछ भी न लिखें और वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तरों पर किसी प्रकार का निशान न लगाएँ।

## सामान्य निर्देश:

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। तथापि, कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।

(ii) प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सामने दिए गए हैं।

(iii) प्रत्येक खंड और प्रश्न के साथ आवश्यकतानुसार यथोचित 'निर्देश दिए गए हैं।

(iv) प्रश्न के उपभागों को यथा संभव क्रमिक और एक स्थान पर लिखने का प्रयास किया जाए।

(v) शुद्ध, सटीक और तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों तथा विषयांतर की स्थिति में कम अथवा शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।

## खंड - क

**प्रश्न-1.निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 1x5=5**

आज किसी भी व्यक्ति का सबसे अलग एक टापू की तरह जीना संभव नहीं रह गया है। मानव समाज में विभिन्न पंथों और विविध मत-मतांतरों के लोग साथ-साथ रह रहे हैं। ऐसे में यह अधिक आवश्यक हो गया है कि लोग एक-दूसरे को जानें; उनकी आवश्यकताओं को, उनकी इच्छाओं-आकांक्षाओं को समझें; उन्हें वरीयता दें और उनके धार्मिक विश्वासों, पद्धतियों, अनुष्ठानों को सम्मान दें। भारत जैसे देश में यह और भी अधिक आवश्यक है, क्योंकि यह देश किसी एक धर्म, मत या विचारधारा का नहीं है।

Scanned with OKEN Scanner

स्वामी विवेकानंद इस बात को समझते थे और अपने आचार-विचार में वे अपने समय से बहुत आगे थे। उन्होंने धर्म को मनुष्य की सेवा के केंद्र में रखकर ही आध्यात्मिक चिंतन किया था। उन्होंने यह विद्रोही बयान दिया कि इस देश के तैंतीस करोड़ भूखे, दरिद्र और कुपोषण के शिकार लोगों को देवी-देवताओं की तरह मंदिरों में स्थापित कर दिया जाए और मंदिरों से देवी-देवताओं की मूर्तियों को हटा दिया जाए। उनका दृढ़ मत था कि विभिन्न धर्मों-संप्रदायों के बीच संवाद होना ही चाहिए।

वे विभिन्न संप्रदायों की अनेकरूपता को उचित और स्वाभाविक मानते थे। स्वामी जी विभिन्न धार्मिक आस्थाओं के बीच सामंजस्य स्थापित करने के पक्षधर थे और सभी को एक ही धर्म का अनुयायी बनाने के विरुद्ध थे। वे कहा करते थे- "यदि सभी मानव एक ही धर्म को मानने लगें, एक ही पूजा-पद्धति को अपना लें और एक-सी नैतिकता का अनुपालन करने लगें, तो यह सबसे दुर्भाग्यपूर्ण बात होगी, क्योंकि यह सब हमारे धार्मिक और आध्यात्मिक विकास के लिए प्राणघातक होगा तथा हमें हमारी सांस्कृतिक जड़ों से काट देगा।

बहुविकल्पीय प्रश्न:-

(क)'टापू की तरह' जीने से लेखक का क्या अभिप्राय है?

(1) घमंड में रहना

(2) समाज अलग रहना

(3) समाज से जुड़कर रहना

(4)विनम्र बनकर रहना

(ख) विवेकानंद जी ने मंदिरों में किन्हे स्थापित करने का मत दिया ?

(1) देवियों को

(2) देवताओं को

(3) दरिद्र व कुपोषण के शिकार लोगों को

(4)सामान्य मनुष्य को

(ग) विवेकानंद जी ने किसको मनुष्य की सेवा के केंद्र में रखकर आध्यात्मिक चिंतन किया?

(1) धर्म को

(2) इच्छाओं को

(3) संप्रदायों को

(4) दरिद्रों को

(घ) आज किसी व्यक्ति का किस तरह जीना संभव नहीं है?

(1) अलग एक टापू की तरह

(2) विभिन्न मत मत्तांतरों के लोग

(3) एक दूसरे को बिना जाने

(4) इनमें से कोई नहीं

(ड़) स्वामी जी के मत में सबसे दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति क्या होगी और क्यों?

(1) एक सी पूजा पद्धति व नैतिकता की अनुपालना

Scanned with OKEN Scanner

(2) धर्म संप्रदायों के बीच संवाद

(3) अनेकरूपता

(4) इनमें से कोई नहीं

## खंड -ख

**प्रश्न-2 निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए: 1x6=6**

1. प्रेमघन की छायास्मृति पाठ के लेखक कौन हैं?

   (क) रामचन्द्र शुक्ल

   (ख) नागार्जुन

   (ग) हरिशंकर परसाई

   (घ) जैनेन्द्र

2. लेखक का किसके साथ मिलकर गांधी जी से मिलने का इरादा था?

   (क)अपने पिता के साथ

   (ख)अपने भाई के साथ

   (ग)अपने साथी के साथ

   (घ) अपने दोस्तों के साथ

3. संवदिया कहानी एक जीवंत चित्रण है-

   (क)बाल मन के दुःख और करुणा की

   (ख) नारी मन के दुःख और करुणा की

   (ग)पुरुष मन के दुःख और करुणा की

   (घ)बुजुर्ग मन के दुःख और करुणा

4. जहां कोई वापसी नहीं पाठ की मूल संवेदना क्या है ?

   क) वृक्षारोपण की समस्या

   ख) प्रदूषण की समस्या

   ग) विस्थापन की समस्या

   घ) भ्रष्टाचार की समस्या

5. गांधी का आश्रम कहाँ स्थित था?

   (क) सेवाग्राम

   (ख) नौगाँव

   (ग) पंचगाँव

   (घ) सभापुर गाँव

6. कुत्तों से क्या कहा गया?

   (क) कि शेर के मुंह में हड्डी है

   (ख) घास का मैदान है

Scanned with OKEN Scanner

(ग) घर है

(घ) शेर का मुंह निर्माण का एकमात्र मार्ग है

**प्रश्न-3) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उसकी सप्रसंग व्याख्या करें। 5**

वृद्ध महाशय ने उसके सिर पर हाथ फेरकर आशीर्वाद दिया और कहा कि जो तू इनाम माँगे वही दे। बालक कुछ सोचने लगा। पिता और अध्यापक इस चिंता में लगे कि देखें यह पढ़ाई का पुतला कौन-सी पुस्तक माँगता है। बालक के मुख पर विलक्षण रंगों का परिवर्तन हो रहा था, हृदय में कृत्रिम और स्वाभाविक भावों की लड़ाई की झलक आँखों में दीख रही थी। कुछ खाँसकर गला साफ़ कर नकली परदे के हट जाने पर स्वयं विस्मित होकर बालक ने धीरे से कहा, 'लड्डू पिता और अध्यापक निराश हो गए। इतने समय तक मेरा श्वास घुट रहा था। अब मैंने सुख से साँस भरी उन सबने बालक की प्रवृत्तियों का गला घोंटने में कुछ उठा नहीं रखा था। पर बालक बच गया। उसके बचने की आशा है क्योंकि वह लड्डू की पुकार जीवित वृक्ष के हरे पत्तों का मधुर मर्मर था, परे काठ की अलमारी की सिर दुखाने वाली खड़खड़ाहट नहीं।

**अथवा**

**हरगोबिन को अचरज हुआ तो आज भी किसी को संवदिया की जरूरत पड़ सकती है। इस जमाने में जबकि गाँव-गाँव में डाकघर खुल गए हैं, संवदिया के मारफत संवाद क्यों भेजेगा कोई? आज तो आदमी घर बैठे ही लंका तक खबर भेज सकता है और वहाँ का कुशल संवाद मंगा सकता है, फिर उसकी बुलाहट क्यों हुई? हरगोबिन बड़ी हवेली की टूटी ड्योढ़ी पारकर अंदर गया। सदा की भाँति उसने वातावरण को सूंघकर संवाद का अंदाज लगाया।निश्चय ही कोई गुप्त समाचार ले जाना है।**

**प्रश्न-4) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए:**

**2×3=6**

(क) आधुनिक भारत के'नए शरणार्थी' किन्हें कहा गया है?

(ख) आंखें बंद रखने और आंखें खोल कर देखने के क्या परिणाम निकले?

(ग) उपाध्याय बदरी नारायण चौधरी 'प्रेमधन' की पहली झलक लेखक ने किस प्रकार देखी?

(घ) बड़ी बहुरिया अपने मायके संदेश क्यों भेजना चाहती थी?

**प्रश्न 5 निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर दीजिए। 3**

क) कुटज को गाढ़े का सार्थी क्यों कहा गया है?

ख) अमझर से आप क्या समझते हैं? अमझर गांव में सूनापन क्या है?

**प्रश्न-6 निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए:**

**1X6=6**

1. 'कार्नेलिया का गीत' कविता में भारत की किस विशेषता का वर्णन किया गया है?

   (क) सिंधु के मनोहर तट का

   (ख) भारतीय संगीत का

Scanned with OKEN Scanner

(ग) भारतीय सास्कृतिक सौंदर्य का

(घ) भारत के लोगों का

2. 'एक बूंद' का संबंध कविता में किससे बताया गया है?

(क) ईश्वर से

(ख) जीवन से

(ग) व्यक्ति से

(घ) क्षणभंगुरता से

3 कवि के अनुसार, बनारस में जब वसंत आता है तो क्या होता है ?

(क) धूल का बवंडर उठता है और लोगों के मुँह में धूल भर जाती है

(ख) बर्फबारी होती है और सभी लोग घरों में बंद होते हैं।

(ग) फूलों की महक फैलती है और सब खुशी-खुशी बैठ जाते हैं

(घ) बर्फ के गिरने से सड़कों पर बच्चे खेलते हैं।

4. मन में ऊब होने से क्या होगा?

(क) रचना नहीं होगी।

(ख) आधी रचना होगी।

(ग) अच्छी रचना होगी।

(घ) अधूरी रचना होगी

5 "जननी निरखति बान धनुहियों" में 'जननी शब्द प्रयुक्त हुआ

क. माता कौशल्या के लिए

ख. माता कैकयी के लिए

ग. माता सुमित्रा के लिए

घ. सीता जी के लिए किस

6. विरह में नागमती के शरीर की कांति कैसी हो गई है?

(क) चंद्रमा के समान सफेद

(ख) दोपहर के समान गरम

(ग) पलाश के फूलों के समान

(घ) पीले पत्तों के समान

**प्रश्न-7) निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए:**

**5x1=5**

श्रृंगार, रहा जो निराकार, रह कविता में उच्छ्‌वसित-धार गाया स्वर्गीया-प्रिया-संग- भरता प्राणों में राग-रंग, रति रूप प्राप्त कर रहा वही, आकाश बदल कर बना माही । हो गया ब्याह, आत्मीय स्वजन, कोई थे नहीं, न आमंत्रण था भेजा गया, विवाह राग भर रहा न घर निशि-दिवस जाग, प्रिय मौन एक संगीत भरा नव जीवन के स्वर पर उतरा।

Scanned with OKEN Scanner

**अथवा**

जैसे बहन दा कहती है ऐसे किसी बँगले के किसी तरु (अशोक ?) पर कोई चिड़िया कुऊकी
चलती सड़क के किनारे लाल बजरी पर चुरुरुए पाँव तले ऊँचे तुरवर से गिरे बड़े-बड़े पियराए पत्ते
कोई छः बजे सुबह जैसे गरम पानी से नहाई हो खिली हुई हवा आई, फिरकी सी आई चली गई।
ऐसे, फुटपाथ पर चलते चलते चलते। कल मैंने जाना कि वसंत आया।

**प्रश्न-8) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए: 2x3=6**

(क) देवसेना की हार या निराशा के क्या कारण हैं?

(ख) कोयल और भौंरों के कलरव का नायिका पर क्या प्रभाव पड़ा?

(ग) बसंत आगमन की सूचना कवि को कैसे मिली?

(घ) हाथ फैलाने वाले व्यक्ति को कवि ने ईमानदार क्यों कहा है? स्पष्ट कीजिए?

**9) निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर दें। 3×1=3**

क) **कवि को अपनी स्वर्गीय पत्नी की याद क्यों आई?**

ख) कवि ने आशा को बावली क्यों कहा है?

## खंड. ग

## अंतराल भाग 2 के आधार पर निम्नलिखित लिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए

**प्रश्न 10 निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखें।**

1×2=2

1बालक से बातचीत के दौरान लेखक को क्या आश्चर्य हुआ?

(क) बालक ने संस्कृत के कठिन श्लोक सुना दिए

(ख) बालक की उम्र बहुत कम थी, लेकिन वह बहुत समझदार था

(ग) बालक उम्र के हिसाब से बहुत ज्यादा गंभीर और वृद्धों जैसी बातें कर रहा था

(घ) बालक लेखक को पहचान गया था

2 प्रेमघन की छाया-स्मृति' पाठ किस विधा की रचना है?

क) संस्मरण

ख) यात्रा-वृत्तांत

ग) कहानी

घ) निबंध

**प्रश्न-11) 'अंतराल (भाग - 2)' के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर दीजिए: 1×3=3**

(क) भैरो ने सूरदास की झोपड़ी क्यों जलाई?

(ख)'यह फूस की राख नहीं थी, अपनी अभिलाषाओं की रख थी।' संदर्भ सहित विवेचना कीजिए।

Scanned with OKEN Scanner

**12) निम्नलिखित के प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर दें।1×5=5**

(क) 'फूल केवल गंध ही नहीं देते दवा भी करते हैं' कैसे?

(ख) धरती का वातावरण गर्म क्यों हो रहा है? इसमें यूरोप और अमेरिका की क्या भूमिका है? टिप्पणी कीजिए।

## खंड - घ

**प्रश्न-13'अभिव्यक्ति और माध्यम' के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:**

(क) **1x5=5**

(i) समाचारों में खेल से संबंधित खबरों को क्या कहा जाता है?

(क) आर्थिक बीट। (ख) अपराध बीट

(ग) खेल बीट। (घ) राजनीतिक बीट

(ii) जनसंचार का सबसे नया और लोकप्रिय माध्यम कौन सा है?

(क) समाचार पत्र (ख) रेडियो

(ग) इंटरनेट। (घ) टेलीविजन

(iii) टी॰वी॰ पर प्रसारित खबरों में सबसे महत्वपूर्ण है -

विजुअल

नेट

बाइट

उपर्युक्त सभी

(iv) भारत में इन्टरनेट का प्रारम्भ कब हुआ ?

क) 1993 में। ख)1925में

ख)1992में। ग)2001में

(V) समाचार लेखन में कितने ककार होते हैं

क) 4

ख) 5

ग) 6

घ)3

**प्रश्न 14)** निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर दें।
3X1=3

(i) इंटरनेट पत्रकारिता सूचनाओं को तत्काल उपलब्ध करवाता है, परंतु इसके साथ ही उसके कुछ दुष्परिणाम भी हैं उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए?

Scanned with OKEN Scanner

(ii) फीचर क्या है? फीचर को परिभाषित करते हुए फीचर की किन्हीं तीन विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

**प्रश्न 15) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर दें।5×2=10**

(क)रेडियो नाटक किसे कहते हैं ?नाटक की भाषा शैली कैसी होनी चाहिए और लिखते समय किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए?

(ख) विशेष लेखन अथवा विशेष रिपोर्टिंग किसे कहते हैं ?समाचार पत्रों में विशेष लेखन की भूमिका स्पष्ट कीजिए।

ग) उल्टा पिरामिड शैली किसे कहते हैं? उल्टा पिरामिड शैली में समाचार लेखन की प्रक्रिया पर प्रकाश डालिए।

## खंड-ड.

**प्रश्न-16 'नैतिक शिक्षा' के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो का उत्तर दें उत्तर दीजिए: 2x2=4**

(क) सन 1965 के युद्ध में पाकिस्तान ने टैंक कहां से प्राप्त किया?

(ख) असेंबली में कब और किसने बम धमाका किया?

(ग) लंदन के इंडिया हाउस में मदनलाल ढींगरा की मुलाकात किन भारतीयों से हुई?

**प्रश्न 17)निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर दें। 3**

(क) भाग्य पर ही निर्भर रहने वाली मछली का नाम क्या था ?

(ख) गीता के अनुसार जगत की उत्पत्ति के कर्म का वर्णन करें।

Scanned with OKEN Scanner